**प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-I), पश्चिम बंगाल का कार्यालय**

**स्थानीय लेखापरीक्षा विभाग,**

**ट्रेजरी बिल्डिंग्स, 2, ग्वर्नमेंट प्लेस (पश्चिम), (प्रथम तल), कोलकाता-700001**

सं.एलए/अभिलेख/डब्लयू.ओ.आर/227/ 1945 दिनांक- 20.11.2024

**उद्धरण (कोटेशन) आमंत्रित करने की सूचना**

इस कार्यालय के ट्रेजरी/जी.आई प्रेस बिल्डिंग से "जैसा है जहां है" आधार पर निपटाए जाने वाले पुराने फर्नीचर खरीदने के इच्छुक प्रतिष्ठित व्यक्तियों/फर्मों से सीमित निविदा पूछताछ के माध्यम से सीलबंद उद्धरण (कोटेशन) आमंत्रित किए जाते हैं। निपटान की जाने वाली वस्तुओं का विवरण निम्नानुसार है:

| क्रम सं. | विवरण/ मद | मात्रा | प्रति इकाई न्यूनतम आरक्षित मूल्य (रुपये में) | कुल राशि (रुपये में) |
|---|---|---|---|---|
| 1. | टीडीयू (छोटा) | 40 | 310/- | 12400/- |
| 2. | टीडीयू (बड़ा) | 30 | 710/- | 21300/- |
| 3. | स्टील अलमारी (बड़ा) | 23 | 1500/- | 34500/- |
| 4. | स्टील अलमारी (छोटा) | 01 | 550/- | 550/- |

वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी (अभिलेख), स्थानीय लेखापरीक्षा विभाग, प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-I), पश्चिम बंगाल का कार्यालय, ट्रेजरी बिल्डिंग, पहली मंजिल, ग्वर्नमेंट प्लेस (पश्चिम), कोलकाता-700001 को संबोधित "पुराने फर्नीचर के निपटान के लिए उद्धरण (कोटेशन)" सुपरस्क्रिप्ट के साथ सीलबंद लिफाफा में सहायक लेखापरीक्षा अधिकारी/ अभिलेख अनुभाग, दूसरी मंजिल, जी.आई प्रेस बिल्डिंग, किरण शंकर रॉय रोड, कोलकाता - 700 001 को दिनांक 27.11.2024 को या उससे पहले व्यक्तिगत रूप से दोपहर 12.00 बजे तक जमा किया जा सकता है और बोलियां उसी दिन दोपहर 3.00 बजे खोली जाएंगी। निविदा के आवश्यक नियम और शर्तें अनुलग्नक-I (संलग्न) में सूचीबद्ध हैं।

चयनित विक्रेता को कार्य आदेश जारी होने की तारीख से 7 दिनों के भीतर कार्यालय परिसर से वस्तुएं एकत्र करना होगा।

20/11/24

**वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी (अभिलेख)**

**सूचना पट्ट में एन.आई.क्यू प्रदर्शित करने के अनुरोध के साथ निम्नलिखित को प्रतिलिपि अग्रेषित:**

1. प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-I), पश्चिम बंगाल के सचिव
2. वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी (अभिलेख), प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा-I), पश्चिम बंगाल का कार्यालय
3. वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी (अभिलेख), महानिदेशक (केंद्रीय) लेखापरीक्षा, कोलकाता का कार्यालय
4. वरिष्ठ लेखा परीक्षा अधिकारी (अभिलेख), प्रधान महालेखाकार (ले.व.ह), पश्चिम बंगाल
5. उप महालेखाकार (प्रशासन) के व्यक्तिक सहायक, प्रधान महालेखाकार (लेखापरीक्षा- I), प.बं, स्थानीय लेखापरीक्षा विभाग का कार्यालय
6. एन.आई.क्यू के हिंदी अनुवाद के लिए हिंदी कक्ष, एलएडी/प्रशासन
7. सूचना पट्ट, एलएडी, ट्रेजरी बिल्डिंग

कार्यालय, प्र.म.ले.(आडिट-I), प.ब. स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग
सत्यमेव जयते
Local Audit Department O/o the P.A.G (Audit-I), W.B

20/11/24

**वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी (अभिलेख)**

अनुलग्नक- I

(नियम और शर्तें)

1. पुराने फर्नीचर का निपटान **'जैसा है जहां है'** के आधार पर किया जाएगा और इस कार्यालय द्वारा इसकी गुणवता की योग्यता की कोई गारंटी या प्रमाण पत्र नहीं दिया जाएगा। वस्तुओं की स्थिति की भौतिक निरीक्षण दिनांक 20.11.2024 से 26.11.2024 तक किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे के बीच इस कार्यालय में दूसरी मंजिल, जी.आई प्रेस बिल्डिंग, किरण शंकर रॉय रोड, कोलकाता - 700 00 1 में किया जा सकता है।

2. पी.ए.ओ (लेखापरीक्षा), महालेखाकार (लेखा एवं हकदारी), पश्चिम बंगाल का कार्यालय पश्चिम बंगाल का कार्यालय' के पक्ष में चेक/डिमांड ड्राफ्ट के रूप में रु.1,500/- (एक हजार पांच सौ) की अग्रिम राशि जमा (ई.एम.डी) प्रस्तुत की जाएगी।

3. यह एन.आई.क्यू गैर-हस्तांतरणीय है। ठेकेदार को किसी भी उप-ठेकेदार या किसी अन्य फर्म को सामग्री एकत्र करने या उसकी ओर से अनुबंध निष्पादित करने के लिए अधिकृत करने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

4. यह कार्यालय बिना कारण बताए एन.आई.क्यू के किसी भी भाग या सम्पूर्ण भाग को अस्वीकार करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

5. बोली रिकॉर्ड अनुभाग/एल.ए.डी, जी.आई प्रेस बिल्डिंग, दूसरी मंजिल, किरण शंकर रॉय रोड, कोलकाता - 700 001 को **दिनांक 27.11.2024 को दोपहर 12.00 बजे** तक या उससे पहले जमा की जानी चाहिए। नियत तारीख और समय के बाद बोली पर किसी भी कारण से विचार नहीं किया जाएगा। फैक्स, ई-मेल, डाक / स्पीड पोस्ट या एन.आई.क्यू नोटिस में निर्धारित के अलावा किसी अन्य माध्यम से बिना कवर लेटर के भेजी गई बोली पर इस कार्यालय द्वारा विचार नहीं किया जाएगा और इसे अस्वीकार कर दिया जाएगा।

6. बोली इकाई मूल्य पर उद्धृत की जाएगी।

7. प्रस्ताव की वैधता: यह प्रस्ताव बोली खुलने की तारीख से 30 दिनों तक वैध होगा।

8. इस मामले में निविदा शुल्क शून्य है।

9. सफल बोलीदाता को अनुबंध दिये जाने की तारीख से दो (2) कार्य दिवसों के भीतर पी.ए.ओ (लेखापरीक्षा), महालेखाकार (ले.व.ह), पश्चिम बंगाल' के पक्ष में डिमांड ड्राफ्ट के माध्यम से कुल बोली/ उद्धृत राशि जमा करने की आवश्यकता होगी और वस्तुएं को उठाने के आदेश में निर्दिष्ट तिथि के भीतर फर्म द्वारा उठाया जाएगा। ऐसा करने में विफलता के परिणामस्वरूप ई.एम.डी को जब्त कर लिया जाएगा।

10. सफल बोलीदाता की ई.एम.डी केवल सफल बोलीदाता द्वारा निर्धारित प्रपत्र में उद्धृत राशि जमा करने के बाद जारी की जाएगी। यदि सफल बोलीदाता निर्धारित तिथि के भीतर उद्धृत राशि जमा करने में विफल

रहता है, तो फर्म की ई.एम.डी जब्त कर ली जाएगी। सामग्री उठाने का कार्य ठेकेदार द्वारा किसी भी कार्य दिवस पर सुबह 11 बजे से शाम 4 बजे के बीच निर्दिष्ट किया जाएगा। ठेकेदार को सामग्री उठाने की अनुबद्ध तिथि से कम से कम एक कार्य दिवस पहले सूचित करना होगा। ठेकेदार को सामग्री उठाने के लिए अपना वाहन लाने की आवश्यकता होगी और सामग्री को पैक करने और उठाने के लिए आवश्यक अपने स्वयं के श्रम और अन्य वस्तुओं को तैनात करेगा। पुराने फर्नीचर को उठाने की अनुमति केवल नामित स्थानों से और आवश्यक सुरक्षा/गेट पास जारी करने के बाद दी जाएगी।

11. बोली प्रक्रिया पूरी होने के बाद असफल बोलीदाता की ई.एम.डी वापस कर दी जाएगी।

20/11/24

वरिष्ठ लेखापरीक्षा अधिकारी (अभिलेख)

कार्यालय, प्र.म.ले.(ऑडिट-I), प.ब. स्थानीय लेखा परीक्षा विभाग
Local Audit Department
O/o. The ... AG (... ), W.B.